# JJ-1189

## B.Com. (Part - I)

Term End Examination, 2019

Group - A

Paper - I

Financial Accounting

*Time* : Three Hours] [*Maximum Marks* : 75

---

**नोट** : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

**Note** : Answer **all** questions. All questions carry equal marks.

---

### इकाई / Unit-I

1. द्वि-प्रविष्टि प्रणाली से आप क्या समझते हैं? इसके नियम तथा इसके लाभ लिखिए।

   What do you understand by Double Entry system? Write its rules and merits.

*अथवा / OR*

जय की पुस्तकों में निम्नलिखित लेन-देनों की रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

(*a*) ₹ 6,00,000 पूँजी एवं ₹ 12,000 के फर्नीचर से व्यवसाय प्रारम्भ किया।

(*b*) ₹ 4,50,000 बैंक में जमा करवाया।

(*c*) ₹ 30,000 का शीघ्र भुगतान कर ₹ 2,30,000 मूल्य की प्लाण्ट एवं मशीनरी खरीदी।

(*d*) ₹ 40,000 का नकद एवं ₹ 45,000 का उधार माल खरीदा।

(*e*) प्लाण्ट एवं मशीनरी के पूर्तिकार को ₹ 2,00,000 का चेक जारी किया।

(*f*) नकद विक्रय ₹ 70,000 (लागत मूल्य ₹ 50,000)।

(*g*) स्वामी ने व्यक्तिगत प्रयोग के लिए ₹ 35,000 की राशी आहरित की।

(*h*) चेक द्वारा ₹ 2,500 बीमे की किस्त का भुगतान किया।





(*i*) ₹ 5,500 के वेतन बकाया है।

(*j*) ₹ 30,000 नकद में फर्नीचर खरीदा।

Journalise the following transactions in the Books of Jay :

(*a*) Business commenced with a Capital of ₹ 6,00,000 and Furniture of ₹ 12,000.

(*b*) ₹ 4,50,000 deposited into Bank Account.

(*c*) Plant and Machinery purchased of ₹ 2,30,000 by paying ₹ 30,000 cash immediately.

(*d*) Purchased goods worth ₹ 40,000 for cash and ₹ 45,000 on account.

(*e*) Paid a cheque of ₹ 2,00,000 to the supplier of Plant and Machinery.

(*f*) ₹ 70,000 Cash Sales (of goods costing ₹ 50,000)

(*g*) Withdrawn by the proprietor ₹ 35,000 cash for personal use.

(*h*) Insurance paid by cheque of ₹ 2,500.

(*i*) Salary of ₹ 5,500 outstanding.

(*j*) Furniture of ₹ 30,000 purchased in cash.

## इकाई / Unit-II

2. तलपट क्यों बनाया जाता है? तलपट बनाने की विधियों का वर्णन कीजिए।

Why is Trial Balance prepared? Describe the methods of preparation of Trial Balance.

***अथवा / OR***

साकेत ट्रेडर्स के निम्नांकित तलपट एवं समायोजनों के आधार पर 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष हेतु अंतिम खाते बनाइए :

| विकलन शेष | (₹) | समाकलन शेष | (₹) |
|---|---|---|---|
| बेचे गए माल की लागत | 95,000 | विक्रय | 1,50,000 |
| | | अशोध्य ऋण प्रावधान | 900 |
| सामान्य व्यय | 4,400 | | |
| विज्ञापन | 2,200 | पूँजी | 60,000 |
| वेतन | 3,500 | लेनदार | 7,000 |
| अशोध्य ऋण | 1,400 | सामान्य संचय | 1,700 |
| पुस्त ऋण (देनदार) | 18,000 | अदत्त वेतन | 400 |
| प्राप्य बिल | 7,000 | | |
| अंतिम स्कंध | 25,000 | | |
| रोकड़ | 10,500 | | |
| मशीनरी | 23,000 | | |
| भवन | 30,000 | | |
| | 2,20,000 | | 2,20,000 |





समायोजन :

(*a*) 1 अक्टूबर, 2017 को ₹ 5,000 का उपस्कर उधार खरीदा जिसका लेखा पुस्तकों में नहीं किया गया है।

(*b*) अशोध्य ऋणार्थ देनदारों पर $7\frac{1}{2}\%$ आयोजन कीजिए।

(*c*) उपस्कर पर 10% प्रतिवर्ष भवन पर $7\frac{1}{2}\%$ एवं मशीनरी पर 12% ह्रास काटिए।

From the following Trial Balance and adjustments prepare Final Account of Saket Traders for the year ending 31st March, 2018 :

| Dr. Balance | (₹) | Cr. Balance | (₹) |
|---|---|---|---|
| Cost of Goods Sold | 95,000 | Sales | 1,50,000 |
| General Expenses | 4,400 | Prov. for Bad Debts | 900 |
| Advertisement | 2,200 | Capital | 60,000 |
| Salary | 3,500 | Creditors | 7,000 |
| Bad debts | 1,400 | General Reserve | 1,700 |
| Book debts (Debtors) | 18,000 | Outstanding Salary | 400 |
| Bills Receivable | 7,000 | | |
| Closing Stock | 25,000 | | |
| Cash | 10,500 | | |
| Machinery | 23,000 | | |
| Building | 30,000 | | |
| | 2,20,000 | | 2,20,000 |

Adjustments :

(*a*) On 1st October, 2017 a furniture was purchased on credit for ₹ 5,000 but not recorded in the Books of Account.





(*b*) Make a provision for Bad Debts of $7\frac{1}{2}$% on Debtors.

(*c*) Write off depreciation at 10% p.a. on Furniture, $7\frac{1}{2}$% on Building and 12% on Machinery.

**इकाई / Unit-III**

3. पूजा समिति, भागलपुर का निम्नलिखित सूचना के आधार पर 31 मार्च, 2018 के लिए (*a*) प्राप्ति और भुगतान खाता (*b*) आय-व्यय खाता बनाइए :

(*a*) चंदा :

गतवर्ष के चंदे वसूल हुए ₹ 400, वर्तमान वर्ष के चंदे वसूल हुए ₹ 3,600, वर्तमान वर्ष के चंदे प्राप्त नहीं हुए ₹ 600।

(*b*) प्राप्तियाँ :

कमरे का किराया ₹ 200, क्रीडा शुल्क ₹ 1,200, जलपान गृह से प्राप्त राशी ₹ 2,500।

(*c*) भुगतान :

वेतन ₹ 2,000, मरम्मत ₹ 240, छपाई और लेखन सामग्री ₹ 600, जलपान गृह की

सामग्री ₹ 1,700, चौकीदार की मजदूरी ₹ 1,360, विद्युत व्यय ₹ 800, किराया एवं कर ₹ 1,000।

(*d*) अदत्त व्यय :

मरम्मत ₹ 160, जलपान गृह की सामग्री ₹ 440।

(*e*) रोकड़ शेष :

1 अप्रैल, 2017 को ₹ 360 और 31 मार्च, 2018 को ₹ 560 है।

Prepare (*a*) Receipts and Payment Account (*b*) Income and Expenditure Account of Pooja Samiti Bhagalpur for the year ended 31st March, 2018 on the basis of following information :

(*a*) Subscription :

Subscription received for last year ₹ 400, subscription received for current year ₹ 3,600, subscription due for the current year but not received ₹ 600.





(*b*) Receipts :

Room rent ₹ 200, Sports fee ₹ 1,200, Received from refreshment room ₹ 2,500.

(*c*) Payments :

Salaries ₹ 2,000, Repairs ₹ 240, Printing and Stationary ₹ 600, Materials for refreshment room ₹ 1,700, Watchman Wages ₹ 1,360, Electricity expenses ₹ 800, Rent and Taxes ₹ 1,000.

(*d*) Outstanding Expenses :

Repair ₹ 160, Materials for refreshment room ₹ 440.

(*e*) Cash Balance :

On 1st April, 2017 is ₹ 360 and on 31st March, 2018 is ₹ 560.

***अथवा / OR***

ह्रास का क्या आशय है? ह्रास की व्यवस्था करने की विभिन्न पद्धतियों के नाम दीजिए।

इनमें से किन्हीं दो का उदाहरण सहित विवरण दीजिए।

What is the meaning of depreciation ? Name the different methods of providing depreciation. Explain with example any two of these methods.

**इकाई / Unit-IV**

4. किराया क्रय पद्धति के अन्तर्गत ₹ 2,500 की मशीनरी क्रय की गयी। इसका भुगतान निम्नलिखित प्रकार किया गया :

सुपुर्दगी पर ₹ 400, प्रथम वर्ष के अन्त में ₹ 600, द्वितीय वर्ष के अंत में ₹ 400, तृतीय वर्ष के अंत में ₹ 1,100। ₹ 2,500 में जो ब्याज सम्मिलित है यह रोकड़ मूल्य पर 10% वार्षिक दर पर लगाया जाता है। क्रमागत ह्रास पद्धति पर 5% वार्षिक दर से ह्रास लगाकर किराया क्रेता की बहियों में जर्नल के लेखे कीजिए।

A machinery is purchased under the Hire Purchase system for ₹ 2,500 to be paid as follows :





On delivery ₹ 400, at the end of first year ₹ 600, at the end of second year ₹ 400, at the end of third year ₹ 1,100. Interest included in ₹ 2,500 being charged on the cash value at the rate of 10% per annum. Pass journal entries in the Books of hire purchaser writing off depreciation @ 5% per annum on diminishing balance method.

***अथवा / OR***

शाखा खाता का क्या आशय है ? शाखाएँ कितने प्रकार की होती हैं ? उनमें लेखा करने के क्या नियम हैं ?

What is the meaning of Branch Account ? How many types are of branches ? What are the rules of making record in them ?

**इकाई / Unit-V**

5. साझेदारी संलेख क्या है ? साझेदारी संलेख के अभाव में साझेदारों के मध्य कौन से नियम लागू होंगे ?

What is Partnership Deed ? What rules shall be applicable amongst partners in the absence of partnership deed ?

***अथवा / OR***

*A* और *B* एक फर्म में साझेदार हैं। 31 मार्च, 2018 को उनका चिट्ठा निम्नलिखित था :

| दायित्व | राशि (₹) | सम्पत्तियाँ | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| पूँजी खाता : | | भूमि | 20,000 |
| *A* – 40,000 | | संयंत्र | 25,000 |
| *B* – 60,000 | 1,00,000 | स्कंध | 20,000 |
| लेनदार | 20,000 | बैंक | 10,000 |
| देय बिल | 10,000 | देनदार | 25,000 |
| बैंक अधिविकर्ष | 5,000 | प्राप्य बिल | 30,000 |
| सामान्य संचय | 20,000 | फर्नीचर | 25,000 |
| | 1,55,000 | | 1,55,000 |

1 अप्रैल, 2018 को उन्होने *C* को फर्म में $\frac{1}{4}$ भाग के लिए प्रवेश निम्नलिखित शर्तों पर देना स्वीकृत किया :

(*a*) *C* को ₹ 25,000 पूँजी के रूप में तथा ₹ 10,000 ख्याति के रूप में लाना है।

(*b*) भूमि ₹ 15,000 और प्लाण्ट ₹ 30,000 पर पुनर्मूल्यांकित किए जाएं।





(*c*) लेनदारों का पुनर्मूल्यांकन ₹ 22,000 पर हुआ।

(*d*) अदत्त व्यय ₹ 1,000 है, जो चिट्ठे में नहीं दिए गए।

उपरोक्त सूचनाओं से स्मारक खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा नई फर्म का आर्थिक चिट्ठा बनाइए।

*A* and *B* are partners in a firm. Their Balance Sheet as at 31st, March 2018 was as follow :

| Liabilities | Amount (₹) | Assets | Amount (₹) |
|---|---|---|---|
| Capital A/c : | | Land | 20,000 |
| *A* – 40,000 | | Plant | 25,000 |
| *B* – 60,000 | 1,00,000 | Stock | 20,000 |
| Creditors | 20,000 | Bank | 10,000 |
| Bills Payable | 10,000 | Debtors | 25,000 |
| Bank Overdraft | 5,000 | Bills | |
| General Reserve | 20,000 | Receivable | 30,000 |
| | | Furniture | 25,000 |
| | 1,55,000 | | 1,55,000 |

On 1st April, 2018 they agreed to admit $C$ as a partners for $\frac{1}{4}$ share on the following terms :

(*a*) $C$ is to contribute ₹ 25,000 as Capital and ₹ 10,000 as Goodwill.

(*b*) Revalued the land ₹ 15,000 and Plant ₹ 30,000.

(*c*) Creditors were revalued at ₹ 22,000.

(*d*) Outstanding expenses ₹ 1,000 was not shown is the Balance Sheet.

Prepare Memorandam Revaluation Account, Partners Capital Account and Balance Sheet of a new firm from the above information.

---